# आत्मा की शुद्धि का परिचय (2 का भाग 1)

**रेटिंग:**

**विवरण:** ??????? ????????? ?? ????? ?? ?????? ?? ??????? ???????? ????????? ?? ??? ??????

**श्रेणी:** पाठ › बढ़ती आस्था › आत्म शुद्धि

**द्वारा:** Imam Mufti (© 2012 IslamReligion.com)

**प्रकाशित हुआ:** 08 Nov 2022

**अंतिम बार संशोधित:** 07 Nov 2022

उद्देश्य

·आत्मा की शुद्धि का महत्व और इसे करने की सही विधि को समझना।

·आत्मा को शुद्ध करने के लाभों को समझना।

"आत्मा की शुद्धि" हृदय से संबंधित है। दिल की ये इच्छा तब तक पूरी नहीं हो सकती जब तक कि वे अपने ईश्वर से न जुड़ा हो। वे अपने रब से तब तक नहीं जुड़ सकते जब तक कि वे "शुद्ध" न हों, क्योंकि अल्लाह शुद्ध है और केवल वही स्वीकार करता है जो शुद्ध है। हृदय जितना शुद्ध होगा, वह अपने ईश्वर के उतना ही निकट होगा और साथ रहने का आनंद उठाएगा।

"आत्मा की शुद्धि" का अर्थ है दोषों और अनैतिक गुणों के दिल को शुद्ध और साफ करना और साथ ही अच्छे कर्म करना।

अरबी शब्द

·*?????* - प्रभुत्व, नाम और गुणों के संबंध में और पूजा की जाने के अधिकार में अल्लाह की एकता और विशिष्टता।

·*??????* - अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर सुन्नत शब्द के कई अर्थ हैं, हालांकि आम तौर पर इसका अर्थ है जो कुछ भी पैगंबर ने कहा, किया या करने को कहा।

## आत्मा को शुद्ध क्यों करें?

1.इस्लाम के आधिकारिक स्रोत क़ुरआन और सुन्नत, आत्मा को बार-बार शुद्ध करने पर जोर देते हैं। यदि ये ईश्वरीय स्रोत किसी बात पर जोर दे रहे हैं, तो यह हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि अल्लाह हमारा मार्गदर्शन करना चाहता है। जाहिर है, अल्लाह और उसके पैगंबर हमारा समय बर्बाद नहीं करेंगे! एक उदाहरण वह छंद है जिसमें अल्लाह हमें बताता है, "समृद्ध वे हैं जो स्वयं को शुद्ध करते हैं।" (क़ुरआन 87:14)

2.पैगंबर मुहम्मद को भेजे जाने का एक कारण आत्म शुद्धि करना था ताकि वे अपने ईश्वर की पूजा कर सकें। इस्लाम के बारे में मीडिया द्वारा बनाई गई सभी नकारात्मक छवियां और पैगंबर मुहम्मद के बारे में कई प्राच्यविदों ने जो कहा है उसके विपरीत, पैगंबर मुहम्मद के मिशनों में से एक हमें यह सिखाना था कि अपनी आत्माओं को कैसे शुद्ध किया जाए। यह दुख की बात है कि जब भी लोग अध्यात्म की बात करते हैं, तो अधिकांश लोग पैगंबर मुहम्मद की गहन आध्यात्मिक विरासत के बारे में नहीं सोचते हैं! कृपया याद रखें कि आपको अंदर से शुद्ध करना और आपको एक बेहतर इंसान, एक शुद्ध मुस्लिम बनाना, आपके पैगंबर के मिशन का लक्ष्य था।

3.आपकी आत्मा को शुद्ध करके हम पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। अल्लाह ने उस व्यक्ति को पुरस्कार देने का वादा किया है जो आज्ञाकारी भक्ति करता है और विकर्षणों (जैसे पाप और बुराई) से दूर रहकर अपनी आत्मा को शुद्ध करता है। "स्थायी स्वर्ग, जिनमें नहरें बहती होंगी, जिनमें सदा वासी होंगे और यही उसका प्रतिफल है, जो पवित्र हो गया।" (क़ुरआन 20:76)

## आप अपनी आत्मा को कैसे शुद्ध करेंगे?

आपको स्वयं को विशिष्ट खाद्य पदार्थों या विशेष पोशाको से वंचित करने की आवश्यकता नहीं है। आपको गुफा में बैठने या घंटों ध्यान लगाने की भी जरूरत नहीं है। आध्यात्मिकता इस्लामी मान्यताओं और प्रथाओं के हर पहलु में है।

1.शुद्ध तौहीद को समझना। क़ुरआन कहता है: "स्वयं को अल्लाह के लिए समर्पित करो, उसका साझी न बनाओ और जो साझी बनाता हो अल्लाह का, तो मानो वह आकाश से गिर गया, फिर उसे पक्षी उचक ले जाये अथवा वायु का झोंका किसी दूर स्थान में फेंक दे।" (क़ुरआन 22:31)

आपका विश्वास मौलिक है। आजकल लोग सोचते हैं कि किसी भी धर्म का पालन करके आध्यात्मिक बन सकते हैं, या कोई धर्म है ही नहीं! इस्लाम इसके विपरीत सिखाता है। आप अपनी आत्मा को तब तक शुद्ध नहीं कर सकते जब तक आप अपनी आत्मा के निर्माता के प्रति सच्चा विश्वास नहीं रखते हैं। एक मुसलमान के रूप में आपने स्वीकार किया है कि केवल इस्लाम ही आपको आपके निर्माता के बारे में सही विश्वास करना सिखाता है। इसलिए शुद्ध

तौहीद इतना महत्वपूर्ण है।

2.आज्ञाकारिता के भक्तिपूर्ण कृत्यों को करना और निषिध चीज़ों को त्यागना और उन दोनों को करने में धीरज रखना। दिनचर्या और दोहराने का बहुत आध्यात्मिक महत्व है, इसलिए धीरज ही कुंजी है। भक्ति के कार्य हृदय को साफ करते हैं और अंगों को सक्रिय करते हैं, जबकि निषिध कार्य हृदय को काला कर देते हैं और व्यक्ति को आलसी बना देते हैं। इसके बारे में सोचें: यदि आप अपने आप को शुद्ध करना चाहते हैं, तो क्या आप इसे मनुष्यों द्वारा बनाई गई आध्यात्मिक प्रथाओं से करेंगे या अल्लाह द्वारा निर्धारित भक्ति पूजा के साथ करेंगे?

इन दिनों "आध्यात्मिक" लोग कितने हैं? वे एक रहस्यवादी समाधि में जाने के लिए नृत्य या चक्कर लगाते हैं। वे ध्यान संगीत, विश्राम संगीत सुनते हैं, या वे पारंपरिक योग[1] करते हैं या रेकी का अभ्यास करते हैं। एक मुसलमान के रूप में, अनुष्ठान प्रार्थना को ठीक से सीखकर और अल्लाह पर और तुम जो कुछ पढ़ रहे हो उस पर ध्यान केंद्रित कर के उसमे आराम पाने की कोशिश करें। दृढ़ता और अभ्यास के साथ, आप अपनी प्रार्थनाओं का आनंद लेना और इसके साथ आराम महसूस करना सीख जायेंगे। रहस्यमय संगीत के बजाय, अपने कानों को क़ुरआन सुनने के लिए तैयार करें और अपनी जीभ को पढ़ने के सही नियमों के साथ क़ुरआन पढ़ने के लिए प्रशिक्षित करें। यह किसी भी संगीत से कहीं बेहतर है!

3.उन योग्य विद्वानों से धार्मिक ज्ञान प्राप्त करना जो हृदय की बुराइओं को जानते हैं और पैगंबरो के अनुसार उसका इलाज भी करते हैं। ज्ञान ही कुंजी है। एक शास्त्रीय विद्वान इब्न उल-कय्यम जो सुन्नत के पालन और इसके गहरे आध्यात्मिक लेख के लिए मान्यता प्राप्त है, उन्होंने लिखा है, "शरीर को ठीक करने की तुलना में आत्मा को शुद्ध करना कठिन है। जो व्यक्ति आध्यात्मिक अभ्यासों और एकांत में बैठकर अपनी आत्मा को शुद्ध करता है (ये वो तरीका है जो पैगंबरो ने नहीं सिखाया), वह एक बीमार व्यक्ति की तरह है जो खुद का इलाज करता है। पैगंबरो को पता था कि दिलों की बुराई को कैसे ठीक किया जाता है। आत्मा को शुद्ध करने या उसे सुधारने का कोई उपाय नहीं है सिवाय पैगंबरो के मार्ग और उनके अधीन होने के।" अच्छे विद्वान आपको प्रश्न पूछने की अनुमति देंगे और उचित ज्ञान के साथ मार्गदर्शन करेंगे। पैगंबर के आध्यात्मिक मार्ग का अनुसरण करना महत्वपूर्ण है जो इस्लाम की शिक्षाओं में पाया जाता है। जब कोई दीपक चोपड़ा या दलाई लामा जैसे आधुनिक शिक्षकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली पद्धति की जांच करता है तो उसे निश्चित रूप से उनके तरीकों की व्यर्थता और बेकारता का एहसास होगा।

4.अच्छी संगति रखना और अपने मित्रों के चयन में सावधानी बरतना। आपकी संगति आपकी आत्मा को शुद्ध करने और विकर्षणों से दूर रहने में आपकी सहायता करेगी। एक व्यक्ति अपने परिवेश से बहुत प्रभावित होता है। जब आप सामान्य रूप से या एक मुसलमान के रूप में अपने जीवन में उतार-चढ़ाव से गुजरते हैं तो अच्छी संगति आपकी मदद करती है। जब आप भूल

जाएंगे तो एक अच्छा दोस्त आपको याद दिलाएगा और जरूरत पड़ने पर आपको प्रोत्साहित करेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के आस-पास रहने से, इस्लाम का पालन करने में आपको सहजता महसूस होगी।

## आत्मा की शुद्धि के लाभ

·इस जीवन में और आने वाले जीवन में सफलता।

·दिल की संतुष्टि और आराम।

·इस्लाम का पालन करने और अल्लाह का पालन करने में दृढ़ता।

एक आत्मा जो मजबूत है और खुद को अल्लाह की याद के साथ तैयार करती है, उससे क्षमा मांगती है और अल्लाह की ओर मुड़ती है, वह जीवन की बाधाओं को दूर करने में अधिक सक्षम होगी।

---

फुटनोट:

[1] आज पश्चिम में विभिन्न प्रकार के योग किये जाते हैं; कुछ में हिंदू मंत्र और प्रतीकवाद शामिल हैं, जबकि अन्य अस्पतालों और स्कूलों द्वारा करवाये जाते हैं जो अधिक चिकित्सीय हैं और जिनमें से धार्मिक तत्वों को हटा दिया गया है। वे लगभग स्ट्रेचिंग की तरह हैं। मंत्र वा
योग की अनुमति नहीं है, जबकि कुछ मामलों में स्कूल और अस्पताल वाले योग किये जा सकते हैं।

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/index.php/hi/articles/133

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।